प्रादेशिक समाचार

दिनांक–11.09.2024 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने की 15 तारीख को झारखंड के जमशेदपुर में महत्वाकांक्षी पीएम आवास योजना के लाखों लाभार्थियों को दो हजार सात सौ पैंतालीस करोड़ रुपये की किस्त जारी करेंगे। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि इस मौके पर सभी लक्षित लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र भी वितरित किये जायेंगे। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत आत्मनिर्भर बनने के लिए सभी सेक्टरों में मैनुफैक्चरिंग बढ़ा रहा है। आज उतर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में सेमीकॉन इंडिया–2024 का उद्घाटन करते हुए श्रीमोदी ने कहा कि डिजिटल इंडिया से देशवासियों के जीवन में बड़ा बदलाव आया है।

****

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, एसीबी की टीम हजारीबाग सदर एसडीओ शैलेश कुमार के दफ्तर और झील परिसर स्थित आवास पर छापेमारी कर रही है। हमारे संवाददाता ने बताया कि रांची एसीबी की टीम दोनों जगहों पर दस्तावेजों की जांच कर रही है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से एसडीओ कार्यालय और उनके आवास पर बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है। जानकारी के अनुसार यह छापेमारी रांची के बड़गाई जमीन घोटाला से जुड़े मामले में चल रही है।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने राज्य सरकार को जवाबदेही के साथ काम करने की सलाह दी है। आज गिरिडीह जिले में पीएम श्री कस्तुरबा बालिका विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इस दिशा में राज्य सरकार को पहल करनी चाहिए। इस दौरान राज्यपाल ने स्कूल की छात्राओं के साथ संवाद किया। साथ ही विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का भी वितरण किया।

****

सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियम में महत्वपूर्ण बदलाव की घोषणा की है। इसकी अधिसूचना जारी कर दी गयी है। यह बदलाव ग्लोबल नेविगेशन सेटेलाइट सिस्टम– जीएनएसएस के इस्तेमाल के जरिये किया गया है। जो वाहन जीएनएसएस युक्त होंगे, उन्हें राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेस वे पर 20 किलोमीटर तक गाड़ी मुफ्त में चलाने की सुविधा मिलेगी।

****

केन्द्र सरकार ने कहा है कि साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी में शामिल होने के कारण एक करोड़ से अधिक मोबाइल कनेक्शन बंद कर दिए गए हैं। लगभग दो लाख 27 हजार मोबाइल हैंडसेट भी ब्लॉक किए गए हैं। दूरसंचार विभाग ने कहा है कि इन कनेक्शनों की पहचान संचार साथी पहल से की गई थी। पिछले एक पखवाड़े में तीन लाख पचास हजार से अधिक स्पैम नंबरों को भी बंद कर दिया गया है और 50 संस्थाओं को काली सूची में डाल दिया गया है।

****

धनबाद में जन शिकायतों के समाधान के लिए आयोजित शिविर के समापन के बाद कोयलांचल प्रक्षेत्र के डीआईजी सुरेंद्र झा ने कहा कि सामुदायिक पुलिसिंग का यह कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा।

****

धनबाद के ईसीएल मुगमा क्षेत्र की कापासारा आउटसोर्सिंग में चाल धंसने से कुछ लोगों की मौत की आशंका जताई गई है। वहीं दूसरी ओर ईसीएल और पुलिस प्रशासन ने इस तरह की घटना से इन्कार किया है।

****

मौसम विभाग ने रांची, देवघर, धनबाद और दुमका समेत राज्य के कई हिस्सों में आज बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। इस दौरान वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले

चौबीस घंटे में राज्य के कई हिस्सों में अच्छी बारिश हुई है। रांची और आसपास के क्षेत्रों में 30 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी है।

********समाप्त*********